बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय पोलिटेकनिक /राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के अधीन **वि.सं. 45/2020, व्याख्याता (अंग्रेजी)** से सम्बन्धित अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची, आपत्ति सम्बन्धी विहित प्रारूप एवं आवश्यक सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित है। अनर्हित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अगर उन्हें अपनी अनर्हता के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो अनर्हता के कारणों के प्रमाण हेतु साक्ष्य सहित अभ्यावेदन सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों के साथ **उपलब्ध निर्धारित प्रारूप को भरकर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को दिनांक 07.09.2022 तक निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।** आवेदक आश्वस्त हो लें कि निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न साक्ष्य की छायाप्रति स्पष्ट एवं पठनीय हो। साक्ष्य के आधार पर जाँचोपरान्त सही पाए जाने की स्थिति में विज्ञापन में निहित शर्त्तों के आलोक में नियमानुसार अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप में वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार नहीं होगा।

26.8.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना